राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग, राज. जयपुर

जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम, जयपुर 302005
दूरभाष नं0 0141–2226722, वेबसाईट www.cmar-india.org ई–मेल: dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक एफ 2(घ)(निल.)आरएमएस–जांच/डीएलबी/18/868 दिनांक : 03/04/18

आदेश

पुलिस अधीक्षक–प्रथम, कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर के पत्र कमांक भ्रनिब/अशा/3/494–96 दिनांक 22.03.18 के अनुसार श्री भरत कुमार हरितवाल, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डावा जिला झुन्झुनूं द्वारा परिवादी श्री पवन कुमार निवासी वार्ड नं. 6, मण्डावा से रू. 39,000/–(अक्षरे उन्चालीस हजार रूपये) एवं श्री श्रवण कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, नगर पालिका, मण्डावा ने 15000/–रू.(अक्षरे पन्द्रह हजार रूपये) की मांग कर उक्त राशि प्राप्त करने पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सीकर द्वारा दिनांक 21.03.18 को रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा कर न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया है। ब्यूरो द्वारा इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 67/2018 पंजीबद्ध की गयी है।

उपरोक्तानुसार प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, चूंकि दोनों आरोपीगण श्री भरत कुमार हरितवाल एवं श्री श्रवण कुमार 48 घण्टे से अधिक अवधि के लिए न्यायिक अभिरक्षा में रहे हैं, अतः भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर द्वारा निलम्बन एवं इनके मुख्यालय परिवर्तन हेतु की गयी अनुशंषा दिनांक 22.03.18 को दृष्टिगत रखते हुए, कार्मिक(क–3) विभाग के परिपत्र क्रमांक प. 2 (157)कार्मिक/क–3/97 जयपुर, दिनांक 07 जुलाई, 2010 में दिये गये निर्देशों एवं राजस्थान सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री भरत कुमार हरितवाल, अधिशासी अधिकारी, एवं श्री श्रवण कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, नगर पालिका, मण्डावा जिला झुन्झुनूं को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में लेने की दिनांक 21.03.18 से ही एतद् द्वारा निलम्बित किया जाता है।

निलम्बन काल में इन दोनों का मुख्यालय निदेशालय में रहेगा तथा इन दोनों को ही नियमानुसार देय जीवन निर्वाह भत्ते का भुगतान नगर पालिका, मण्डावा से किया जावेगा।

(पवन अरोड़ा)
निदेशक एवं संयुक्त सचिव

क्रमांक एफ 2(घ)(निल.)आरएमएस–जांच/डीएलबी/18/869-882 दिनांक : 03/04/18
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
3. जिला कलेक्टर, झुन्झुनूं।
4. पुलिस अधीक्षक–प्रथम, कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर को उनके पत्र कमांक भ्रनिब/अशा/3/494–96 दिनांक 22.03.18 के कम में प्रेषित है।
5. क्षेत्रीय उप निदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर।
6. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल, मण्डावा।
7. श्री भरतकुमार हरितवाल, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, मण्डावा।
8. श्री श्रवण कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता, नगर पालिका, मण्डावा
9. जन संपर्क अधिकारी, निदेशालय को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ।
10. उप निदेशक–आईटी, निदेशालय को विभाग की वैबसाईट पर अपलोड़ हेतु।
11. संस्थापन अनुभाग–आरएमएस/आरएमएस–तकनीकी, निदेशालय ।
12. सुरक्षित पत्रावली।

(मुकेश कुमार मीना)
अतिरिक्त निदेशक

Scanned by CamScanner